

# मोरवा विस्थापन : समान पुनर्वास की मांग पर टालमटोल

## मोरवा विस्थापन मुद्दा, समान पुनर्वास की मांग, प्रशासन की चुप्पी पर सवाल, त्रिपक्षीय वार्ता की दरकार



**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 28 जनवरी । मोरवा शहर के विस्थापित परिवारों को समान विस्थापन एवं पुनर्वास लाभ दिलाए जाने की मांग को लेकर एक बार फिर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया गया है। इस संबंध में 7 जनवरी को प्रस्तुत किए गए आवेदन पर कोई ठोस निर्णय या कार्रवाई न होने से प्रभावित परिवारों में गहरी नाराजगी और असमंजस की स्थिति बनी हुई है। इसे लेकर संबंधित पक्ष द्वारा कलेक्टर को स्मरण-पत्र सौंपते हुए शीघ्र निर्णय और त्रिपक्षीय वार्ता आयोजित करने की मांग की गई है।**

स्मरण-पत्र में उल्लेख किया गया है कि मोरवा शहर में प्रस्तावित विस्थापन के तहत पट्टाधारित और गैर-पट्टाधारित प्रभावित परिवारों के बीच विस्थापन एवं पुनर्वास लाभों में भारी असमानता प्रस्तावित है, जो न केवल RFCTLARR अधिनियम 2013 और कोल इंडिया लिमिटेड की आर एण्ड आर पॉलिसि 2012 के प्रावधानों के विपरीत है, बल्कि संविधान के अनुच्छेद 14, 21 एवं 300। की मूल भावना का भी उल्लंघन करती है। यह मामला हजारों परिवारों के आश्रय, आजीविका और गरिमापूर्ण जीवन से सीधे तौर पर जुड़ा हुआ बताया गया है। आवेदन में यह भी रेखांकित किया गया है कि पूर्व में एनसीएल जयंत परियोजना विस्तार अधिसूचना क्रमांक 3065 दिनांक 20 अक्टूबर 2011 के दौरान सभी प्रभावित परिवारों को समान विस्थापन राशि प्रदान की गई थी, जिससे विस्थापन की प्रक्रिया शांतिपूर्ण रही और व्यापक सहमति बनी थी। वर्तमान में यदि भेदभावपूर्ण नीति लागू की जाती है तो इससे क्षेत्र में असंतोष, विवाद और सामाजिक तनाव उत्पन्न होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

प्रभावित परिवारों का कहना है कि इतने संवेदनशील विषय पर अब तक न तो कोई लिखित निर्णय सामने आया है और न ही त्रिपक्षीय वार्ता की कोई पहल की गई है, जिससे प्रशासन की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्मरण-पत्र के माध्यम से मांग की गई है कि 7 जनवरी 2026 को दिए गए आवेदन पर शीघ्र सहानुभूतिपूर्वक निर्णय लिया जाए, सभी विस्थापित परिवारों को समान और न्यायोचित पुनर्वास लाभ देने पर गंभीरता से विचार किया जाए तथा कलेक्टर की अध्यक्षता में एनसीएल प्रबंधन, जिला प्रशासन और प्रभावित परिवारों के प्रतिनिधियों के बीच त्रिपक्षीय बैठक आयोजित की जाए। प्रभावित पक्षों ने उम्मीद जताई है कि जिला प्रशासन अपने संवेदनशील और जिम्मेदार नेतृत्व का परिचय देते हुए इस जनहितकारी मुद्दे का विधिसम्मत, न्यायसंगत और स्थायी समाधान निकालेगा, ताकि विस्थापन की प्रक्रिया निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो। वहीं कलेक्टर साहब से विस्थापन संघर्ष समिति के प्रतिनिधि मिलने पर कलेक्टर ने एक सप्ताह में मोरवा विस्थापन में व्याप्त विसंगतियों को दूर करने का आश्वासन दिया।

### एक सप्ताह के अंदर समाधान का आश्वासन

मोरवा विस्थापन से जुड़ी समस्याओं और विसंगतियों को लेकर विस्थापन संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों ने कलेक्टर गौरव बैनल से मुलाकात की। प्रतिनिधि मण्डल ने कलेक्टर को ज्ञापन सौपते हुये लार अधिनियम 1913 और कोल इंडिया की आर एण्ड आर पॉलिसी 2012 के तहत सभी विस्थापित परिवारों को समान मुआवजा एवं पुनर्वास लाभ दिये जाने की मांग रखी। इस दौरान विस्थापितो की बात माने तो कलेक्टर ने प्रतिनिधियों की बातों पर गंभीरता से सुनते हुये आश्वासन दिया कि मोरवा विस्थापन में व्याप्त सभी विसंगतियों की समीक्षा कर एक सप्ताह के भीतर समाधान की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही यह भी कहा कि विस्थापितों के हितों की अनदेखी नही होने दी जाएगी और कानून के अनुरूप न्याय संगत निर्णय लिया जाएगा।



# विद्यार्थियों ने परीक्षा केंद्र को लेकर उठाई आवाज

## पहले से अधूरी व्यवस्थाएं, फिर परीक्षा केंद्र की मार

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 28 जनवरी । जिले के देवसर विकासखंड अंतर्गत शास. उमावि तिनगुड़ी को परीक्षा केंद्र बनाए जाने को लेकर छात्र-छात्राओं में असंतोष सामने आया है।**

इस संबंध में विद्यार्थियों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपते हुए परीक्षा केंद्र को यथावत रखने की मांग की है। छात्रों का कहना है कि वर्तमान में विद्यालय का परीक्षा केंद्र बदले जाने से उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसका सीधा असर उनकी पढ़ाई और परीक्षा तैयारी पर पड़ सकता है। विद्यार्थियों ने ज्ञापन में बताया कि तिनगुड़ी क्षेत्र ग्रामीण व वनांचल इलाका है, जहां परिवहन व सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। परीक्षा केंद्र बदले जाने पर छात्रों को 15 से 20 किमी कुछ मामलों में 35 से 40 किमी दूर तक जाना पड़ रहा है। इससे न केवल समय और आर्थिक बोझ बढ़ रहा है, बल्कि छात्राओं की सुरक्षा को लेकर भी गंभीर चिंताएं उत्पन्न हो गई हैं।

### एक नजर में

#### श्री श्याम प्रेमी मंडल का श्री श्याम भजन संध्या आज



**सिंगरौली।** श्री श्याम प्रेमी मंडल के तत्वाधान में कल दिन गुरूवार को श्री श्याम भजन संध्या बड़े ही धूमधाम से सामुदायिक भवन विंध्यनगर शिवाजी कांप्लेक्स के पीछे मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत खाटू वाले श्री श्याम प्रभु को रिझाया जाएगा। इस कार्यक्रम में श्री श्याम प्रभु का अलौकिक श्रृंगार दिल्ली से आ रहा है।

#### संकल्प से समाधान अभियान में अब तक 7066 आवेदन दर्ज

**सिंगरौली।** जिले में आमजनता के आवेदन पत्रों का निराकरण करने तथा विकास योजनाओं की पात्रता के अनुसार आवेदन पत्र भरवाने के लिए संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा है। जिले भर में यह अभियान 12 जनवरी से 31 मार्च तक चार चरणों में चलाया जा रहा है। अभियान के प्रथम चरण में नगरीय निकायों तथा ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर आमजनता से आवेदन पत्र प्राप्त किए जा रहे हैं।इस संबंध में कलेक्टर गौरव बैनल ने बताया कि अब तक संकल्प से समाधान शिविरों में आमजनता से 7066 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं।

#### कलेक्टर को सीएम के नाम कल सौंपा जाएगा ज्ञापन

**सिंगरौली।** महात्मा गांधी जी के पुण्यतिथि पर अहिरवार समाज संघ एवं आप संघ के कार्यकर्ताओं द्वारा उपवास कर मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सायं 5 बजे दिया जाएगा, बता दें की अतिथि शिक्षकों का शोषण 20 वर्षों से हो रहा है, उनको रेगुलर नहीं किया जा रहा है तथा एक दिन अनुपस्थित होने पर होने पर सात दिवस का वेतन काटा जा रहा है, जो अन्याय है, जबकि अतिथि शिक्षकों को आकस्मिक अवकाश ऐच्छिक अवकाश मेडिकल अवकाश सहित सभी अवकाश दिया जाना चाहिए।



# बीजेपी सरकार मनरेगा का नाम बदलकर जनता को गुमराह कर रही है : अमित

## सखौहा में मनरेगा बचाओ संग्राम कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 28 जनवरी । मनरेगा प्रभारी ब्लाक कांग्रेस कमेटी खुटार अखिलेश कुमार पाण्डेय के सतत निगरानी में एवं खुटार ब्लाक अन्तर्गत ग्राम पंचायत सखौहा में राजू शाह के आयोजन में मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर तथा उनके सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ।**

इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व प्रदेश सचिव अमित द्विवेदी के मुख्य आतिथ्य में तथा पारसनाथ प्रजापति की अध्यक्षता में मनरेगा बचाओ संग्राम कार्यक्रम संपन्न हुआ तथा मुख्य अतिथि अमित द्विवेदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि बीजेपी सरकार मनरेगा का नाम बदलकर जनता को गुमराह कर रही है तथा जनता को इस योजना से कोई लाभ नही मिल पा रहा है तथा मनरेगा के प्रभारी अखिलेश पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में जनता को संबोधित करते हुए मनरेगा के संबंध में विस्तार से बताया तथा गांव में रहने वाले गरीब आम लोगो को कोई बीजेपी सरकार लाभ मिलने का कोई दूर-दूर तक उम्मीद नही है। उक्त अवसर पर कर रहे पारसनाथ प्रजापति , विशिष्ट अतिथि के रूप में दयानिधि दुबे, श्यामपति कुशवाहा पूर्व सरपंच, दिलीप कुमार शाह सरपंच सखौहा, अरविंद जायसवाल बीएलए सखोहा, राजू शाह, चंदा शाह, विजय सिंह तथा सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण जन मौजूद रहे।

# सिंगरौली में 8 लाख क्विंटल धान खुले आसमान के नीचे, कैंप का सहारा

## कैंप के सहारे 8 लाख क्विंटल धान का इंतजाम, मिलरों एवं सरकार के बीच तालमेल गड़बड़ाया



**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 28 जनवरी । जिले में इस खरीफ सीजन में धान खरीदी ने नए रिकॉर्ड जरूर बनाए हैं, लेकिन भंडारण व्यवस्था की कमजोर कड़ी अब गंभीर चिंता का विषय बन गई है।**

सरकारी आंकड़ों के अनुसार सिंगरौली जिले में इस सीजन में अब तक कुल 18 लाख 90 हजार क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है, जबकि जिले में उपलब्ध गोदामों की कुल भंडारण क्षमता मात्र 10 लाख 50 हजार क्विंटल ही है। इस भारी अंतर ने प्रशासन और सहकारिता विभाग की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। यदि भंडारण संसाधनों पर नजर डालें तो जिले के वेयरहाउसों में लगभग 6 लाख क्विंटल धान रखने की ही जगह उपलब्ध है। इसके अलावा को ऑपरेटिव सोसायटियों के पास करीब 4 लाख 50 हजार क्विंटल धान भंडारण की क्षमता है। इस तरह कुल मिलाकर भी जिले में लगभग 8 लाख 40 हजार क्विंटल धान रखने की कोई पुख्ता व्यवस्था नहीं बचती। मजबूरी में बड़ी मात्रा में धान खुले मैदानों में ईंट-पत्थर बिछाकर और तिरपाल के सहारे रखा जा रहा है, जो किसी भी तरह से सुरक्षित नहीं माना जा सकता। स्थिति को और गंभीर बनाने वाली बात यह है कि अभी तक मिलरों द्वारा धान का उठाव शुरू नहीं किया गया है।

### आवश्यकता अनुसार कैंप बनाए गये हैं : पीके

बताया जा रहा है कि पिछले वर्ष की प्रोत्साहन राशि का भुगतान अब तक मिलरों को नहीं हुआ है, जिसके चलते वे इस बार धान उठाने में रुचि नहीं ले रहे हैं। इसका सीधा असर खरीदे गए धान के समय पर उठाव और भंडारण व्यवस्था पर पड़ रहा है। यदि इसी बीच मौसम ने करवट बदली और बारिश हुई, तो खुले में रखा धान खराब होने की आशंका काफी बढ़ जाएगी, जिससे शासन को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ किसानों की मेहनत पर भी पानी फिर सकता है। इधर मामले को लेकर सहकारिता उपायुक्त पीके मिश्रा ने बताया कि विभाग द्वारा धान को बारिश से बचाने के लिए आवश्यक इंतजाम किए जा रहे हैं और आवश्यकता अनुसार कैंप भी बनाए गये हैं। साथ ही मिलरों से संवाद कर जल्द उठाव शुरू कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए जिले में भंडारण क्षमता बढ़ाना अब अनिवार्य हो गया है और इसके लिए शीघ्र ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।

# विंध्याचल में इलेक्ट्रिक मोटर रिवाइंडिंग प्रशिक्षण आयोजित




**नवभारत न्यूज**

**विंध्यनगर 28 जनवरी । समावेशी विकास और सामुदायिक सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करते हुए एनटीपीसी विंध्याचल ने अपने सीएसआर कार्यक्रमों के अंतर्गत आयोजित 30 दिवसीय इलेक्ट्रिक मोटर रिवाइंडिंग एवं सर्विस प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन किया।**

यह प्रशिक्षण यूनियन ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान सिंगरौली में 27 जनवरी को संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के माध्यम से कुल 35 युवाओं को व्यावहारिक एवं उद्योग-प्रासंगिक कौशल प्रदान किए गए, जिससे उन्हें स्वरोजगार एवं आजीविका के स्थायी अवसर प्राप्त हो सकें। समापन समारोह में एनटीपीसी विंध्याचल से निखिल जायसवाल कार्यपालक, सिंगरौली के रंजीत कुमारए एलडीएम तथा विजय कुमार निदेशक की उपस्थिति रही। अपने संबोधन में अतिथियों ने प्रशिक्षुओं को निरंतर सीखने, अनुशासन तथा समय प्रबंधन को उद्यमिता की सफलता के प्रमुख स्तंभ बताया।




# डीपीएस निगाही के छात्र ने बढ़ाया प्रदेश का मान

**नवभारत न्यूज**

**निगाही 28 जनवरी ।** दिल्ली पब्लिक स्कूल निगाही की प्रार्थना सभा उस समय गर्व और उत्साह से भर उठी, जब विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र हर्षित दुबे का विशेष रूप से स्वागत एवं सम्मान किया गया। इसकी जानकारी देते हुए विद्यालय के प्राचार्य सुखवंत सिंह थापर ने बताया कि हर्षित दुबे म.प्र. अंडर-19 क्रिकेट टीम के सदस्य हैं। हाल ही में 2024-25 सत्र में म.प्र. की टीम ने गुजरात को पराजित कर अपना पहला ऐतिहासिक अंडर-19 खिताब जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है।

# 9 स्वर्ण, 1 रजत व 4 कांस्य के साथ डी-पॉल स्कूल का दबदबा

## डिस्कस, शॉटपुट, जेवलीन, दौड़ और जंप स्पर्धाओं में डी-पॉल छात्रों की एकतरफा जीत



**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 28 जनवरी । म.प्र. सरकार द्वारा युवाओं की खेल प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से विंध्यनगर के अंबेडकर स्टेडियम में खेलो एमपी यूथ गेम्स का आयोजन किया गया।**

एक दिवसीय जिलास्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में डी-पॉल स्कूल विंध्यनगर के 9 छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और जीत की दावेदारी पेश की। इन खेलों का आयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग, म.प्र. द्वारा विभिन्न खेल संघों के सहयोग से संपन्न हुआ। जिले भर के स्कूलों से छात्रों ने इन एक दिवसीय प्रतियोगिताओं में भाग लिया। जिसमें डी-पॉल स्कूल के खेल प्रशिक्षक विल्सन केजे की अगुवाई में 18 वर्ष से कम आयुवर्ग के छात्रों ने 9 स्वर्ण, 1 रजत और 4 कांस्य पदक प्राप्त कर स्कूल का मान बढ़ाया। विद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए वीर आदित्य दुबे ने डिस्कस थ्रो और शॉटपुट में स्वर्णपदक प्राप्त किया, वहीं कनिष्क ने 100 मीटर और 200 मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्णपदक की दावेदारी पेश की। अनुराग तिवारी ने जेवलीन थ्रो में स्वर्णपदक, राज्यवर्धन सिंह ने लॉन्ग जंप में कांस्य पदक, श्रिया सिंह ने शॉटपुट में स्वर्ण और डिस्कस थ्रो में कांस्य पदक, प्रत्युषा गुप्ता ने ऊँचीकूद में स्वर्ण और लॉन्ग जंप में कांस्य पदक प्राप्त किया। हर्षिता यादव को डिस्कस थ्रो और जेवलीन थ्रो में स्वर्ण पदक तथा शॉटपुट में रजत पदक प्राप्त हुआ तथा प्रज्ञा नायक ने 200 मीटर दौड़ में कांस्य पदक प्राप्त किया।

# सीएमपीडीआईएल ने विजेता का खिताब किया अपने नाम किया



**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 28 जनवरी । एनसीएल की मेजबानी में कोल इंडिया अंतर कंपनी फुटबॉल प्रतियोगिता का जयंत परियोजना में शुभारम्भ हुआ।**

28 जनवरी से 1 फरवरी तक यह प्रतियोगिता लीग कम नॉकआउट के आधार पर खेली जा रही है, जिसमें कोल इंडिया सहित, एनसीएल, एमसीएल, बीसीसीएल, सीसीएल, एसईसीएल, ईसीएल अन्य की टीमें भाग ले रहीं हैं । इस दौरान अपने उद्बोधन में मनीष कुमार ने उपस्थित सभी खिलाड़ियों को खेल भावना एवं सुरक्षा भावना से खेलने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही उन्होंने स्वस्थ जीवनशैली पर जोर देते हुए सभी को खेलकूद को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित भी किया। इस प्रतिस्पर्धा का पहला मैच सीसीएल एवं बीसीसीएल के मध्य खेला गया, जिसमें सीसीएल ने बीसीसीएल को 1.0 से हराकर जीत हासिल की। इसी क्रम में ईसीएल एवं डब्ल्यूसीएल के बीच मुकाबले में ईसीएल ने डब्ल्यूसीएल को 5.0 से हराया। वहीं सीएमपीडीआईएल ने एससीसीएल को 5.0 हराकर विजेता खिताब अपने नाम किया।



# कौटिल्य एजुकेशन एकेडमी स्कूल में मना सांस्कृतिक कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 28 जनवरी ।** कौटिल्य एजुकेशन एकेडमी मुड़पेली खुर्द में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिपं सदस्य कमलेंद्र प्रताप सिंह रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में अजय धर द्विवेदी, चंद्रप्रताप साकेत, बुद्धिमान पटेल एवं बैजनाथ विश्वकर्मा मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कमलेंद्र प्रताप सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के समय विद्यालय के संरक्षक मनोज तिवारी, संचालक कृष्णा शर्मा एवं सिंधु एन. तिवारी विशेष रूप से मौजूद रहे। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान गाया गया।

# बच्चों ने स्वागत गीत व नृत्य की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया

## केन्द्रीय विद्यालय सीडब्ल्यूएस जंयत में गणतंत्र दिवस का हुआ आयोजन



**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 28 जनवरी । गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर केंद्रीय विद्यालय सीडब्ल्यूएस जयंत में गणतंत्र दिवस का शानदार आयोजन किया गया ।**

इस 77 वें गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डब्ल्यूपी महापात्रा सीडब्ल्यूएस अपनी धर्म पत्नी के साथ व अन्य गणमान्य अतिथियों एवं सम्मानित अभिभावकों के उपस्थिति रही। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा ध्वज फहराकर किया गया, तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य द्वारा अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ प्रदान कर किया गया । सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत सेकेंडरी सेक्शन के बच्चों द्वारा शानदार स्वागत गीत व नृत्य की प्रस्तुति ने सभी का मनमोह लिया । योग-प्रदर्शन द्वारा बच्चों ने न सिर्फ शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक शांति का संदेश देते हुए बेहतरीन प्रस्तुति दी। विद्यालय के प्राचार्य मुकेश सिंह भदौरिया ने सभी सम्मानित अतिथियों का स्वागत करते हुए अपने स्वागत वक्तव्य में बच्चों को देश का भविष्य बताते हुए संविधान के प्रति निष्ठावान बनने व देश की महान विभूतियों को याद करने वाला राष्ट्रीय पर्व बताया । मुख्य अतिथि ने अपने आशीर्वचन में बच्चों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए भारतीय संविधान की भूरि-भूरि प्रशंसा की ।



# पत्रकारिता समाज का चौथा स्तंभ है : रजनीश

**नवभारत न्यूज**

**चितरंगी 28 जनवरी ।** शा उत्कृष्ट उमावि चितरंगी में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्राचार्य जगजीवन भारती के मार्गदर्शन में किया गया। कैरियर काउंसलिंग के अंतर्गत आज का विषय पत्रकारिता रहा। इस अवसर पर आंचलिक पत्रकार रजनीश साहू मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने पत्रकारिता के क्षेत्र में करियर की संभावनाओं, जिम्मेदारियों एवं आवश्यक गुणों पर विस्तार से जानकारी देते हुये विद्यार्थियों को संबोधित कर कहा कि पत्रकारिता समाज का चौथा स्तंभ है।